Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

महाकाली
उपासना

रणधीर प्रकाशन

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री

महाकाली उपासना

संग्रहकर्ता—

प्रसिद्ध काली तान्त्रिक शमसानवासी
स्वामी उग्रचण्डेश्वर 'कपाली'

काली की उत्पत्ति की कथा — काली चालीसा
काली का अर्थ तत्व — काली का स्वरूप
काली और उसके भेद — काली महिमा
श्री काली स्तुति — काली साधन मन्त्र
सामान्य पूजा विधि — ध्यान का स्वरूप
सुधाधारा काली स्तोत्र — श्री काली स्तवन
कालिका सहस्त्रनाम — श्री कालिकाष्टक
काली कवच — काली शतनाम स्तोत्र
काली हृदयम् — काली पटलम्

और आरती आदि विषयों सहित

मूल्य : 20-00

रणधीर

पूजा-पाठ व ज्योतिष पुस्तकों के लिए
नाथ पुस्तक भण्डार
194, दरीबा कलां, दिल्ली-6, दूरभाष : 23275344

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

प्रकाशक: Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.
रणधीर प्रकाशन
रेलवे रोड (आरती होटल के पीछे) हरिद्वार
फोन : (01334) 226297

वितरक :
रणधीर बुक सेल्स
रेलवे रोड, हरिद्वार
फोन : (01334) 228510

दिल्ली विक्रेता :
गगन बुक डिपो
4694, बल्लीमारान, दिल्ली-110006
फोन : (011) 23950635

संस्करण—सन् 2003

मुद्रक :
उषा ऑफसेट प्रिंटर्स, नई, दिल्ली-2

© रणधीर प्रकाशन

SHREE MAHAKALI UPASANA
Translated by : Yogi Raj Yashpal Ji
Published By : Randhir Prakashan, Hardwar (INDIA)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय सूची

विषय का नाम *पृष्ठ संख्या*

१. काली पूजन यन्त्र ... ५
२. श्री काली ध्यान मन्त्र ... ६
३. श्री काली के सम्बन्ध में ... ७
४. श्री काली की उत्पत्ति ... ९
५. काली का अर्थ तत्व ... १६
६. श्री काली का स्वरूप ... १७
७. काली और उसके भेद ... १८
८. काली की महिमा ... १९
९. काली के सम्बन्ध में प्रयुक्त होने वाले शब्दों का यथार्थ रूप ... २१
१०. श्री काली स्तुति ... २३
११. काली साधना मन्त्र ... २४
१२. मन्त्र की जप संख्या ... २५
१३. सामान्य पूजा विधि ... २७
१४. पूजन यन्त्र की निर्माण विधि ... ३४
१५. दक्षिण कालिका के मन्त्र ... ३५
१६. भद्रकाली–मन्त्र ... ३६
१७. श्मशानकाली–मन्त्र ... ३७

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

१८. महाकाली–मन्त्र	...	३७
१९. काली गायत्री मन्त्र	...	३७
२०. गुह्यकाली के मन्त्र	...	३८
२१. ध्यान का स्वरूप	...	४१
२२. सुधाधारा काली स्तोत्र	...	४२
२३. श्री काली स्तवन	...	५१
२४. श्री कालिकाष्टक	...	५६
२५. कालिका सहस्रनाम स्तोत्र	...	६०
२६. श्री जगन्मङ्गल काली कवच	...	७५
२७. दक्षिण कालिका पटलम्	...	८१
२८. श्री काली शतनाम स्तोत्र	...	८६
२९. काली हृदयम्	...	८९
३०. महाकालप्रणीत काली कर्पूर स्तोत्रम्	...	९४
३१. काली अपराध क्षमापन स्तोत्रम्	...	९८
३२. रूद्रयामलोक्तं श्री काली कवच	...	१०२
३३. श्री काली चालीसा	...	१०६
३४. श्री कालीजी की आरती	...	१११

●●●

इस पुस्तक में दिए गए मन्त्र इत्यादि पाठकों के लाभ के लिए हैं। कोई दुर्मति अनुचित प्रयोग करे तो इसके लिए प्रकाशक या संग्रहकर्ता उत्तरदायी न होंगे।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री काली पूजन यन्त्र



CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री काली ध्यान मन्त्र

खंग चक्रगदेषु चाप परिघाञ्छूलं भुशुण्डीं शिरः
शंखं संदधतीं करेस्त्रिनयनां सर्वांभूषातृताम।
नीलश्यामद्युतिमास्य पाददशकां सेवे महाकालिकां
यामस्तौत्स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधु कैटभम्॥

खड्ग, चक्र, गदा, धनुष, बाण, परिघ, शूल, भुभुण्डि, कपाल और शंख को धारण करने वाली समस्त आभूषणों से सुसज्जित नीलमणि के समान कांतियुक्त, दशमुख, दशपाद वाली महाकाली का मैं ध्यान करता हूँ। जिसकी स्तुति विष्णु भगवान की योगनिद्रा से स्थित ब्रह्माजी ने स्वयं की थी।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री काली के सम्बन्ध में

* मार्कण्डेय पुराण के सप्तशती खण्ड में जिन काली देवी का वर्णन है अथवा जिनका जन्म अम्बिका के ललाट से हुआ है वे काली श्री दुर्गा जी के स्वरूपों में से ही एक स्वरूप है तथा आद्या महाकाली से सर्वथा भिन्न है।
* भगवती आद्या काली अथवा दक्षिणा काली अनादिरूपा सारे चराचर की स्वामिनी हैं जबकि पौराणिक काली तमोगुण की स्वामिनी हैं।
* दक्षिण दिशा में रहने वाला अर्थात् सूर्य का पुत्र यम काली का नाम सुनते ही डरकर भाग जाता है तथा काली उपासकों को नरक में ले जाने की सामर्थ्य उसमें नहीं है इसलिए श्री काली को 'दक्षिणा काली' और 'दक्षिण कालिका' भी कहा जाता है।
* दस महाविद्याओं में काली सर्वप्रधान हैं। अतः इन्हें महाविद्या भी कहा जाता है।
* दक्षिणामूर्ति भैरव ने ही इनकी सर्वप्रथम आराधना की इसलिए भी इनका नाम दक्षिणा काली है।
* पुरुष को दक्षिण और नारी को वामा कहा जाता है। वही स्त्रीरूपी 'वामा' 'दक्षिण' पर विजय पाकर मोक्ष प्रदायिनी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

बनी। इसलिए उन्हें तीनों लोकों में 'दक्षिणा' कहा जाता है।

* श्री काली की उपासना से समस्त विघ्न उसी प्रकार नष्ट हो जाते हैं जिस प्रकार प्रज्जवलित अग्नि में सभी पतंगे भस्म हो जाते हैं। काली स्तोत्रों का पाठ करने वाले साधक की वाणी गंगा के प्रवाह की भाँति गद्य-पद्यमयी हो जाती है और उसके दर्शन मात्र से ही प्रतिवादी लोग निष्प्रभ हो जाते हैं। उसके हाथ में सभी सिद्धियाँ बनी रहती हैं इसमें संदेह नहीं है।
* मार्गशीर्ष की कृष्णपक्ष की अष्टमी कालाष्टमी होती है जो उपासक इस दिन काली की सन्निधि में उपवास कर जागरण करते हैं, वे सभी पापों से मुक्त हो जाते हैं।
* सात अँगुल से लेकर बाहर अँगुल तक की प्रतिमा घर पर रखने का शास्त्रों का मत है। किन्तु इससे अधिक परिमाण की मूर्ति मन्दिर के लिए उत्तम कही गई है।
* काली देवी की प्रतिष्ठा माघ और आश्विन मास में उत्तम तथा समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली होती है। इन मासों में भी विशेष रूप से कृष्ण पक्ष में प्रतिष्ठा करना श्रेष्ठ माना गया है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri

श्री काली की उत्पत्ति

श्री मार्कण्डेय पुराण में वर्णित देवी महात्म् अर्थात् दुर्गा सप्तशती के आठवें अध्याय के अनुसार श्री काली देवी की उत्पत्ति जगजननी अम्बिका के ललाट से हुई है। जिसकी कथा इस प्रकार है—

एक समय शुम्भ और निशुम्भ नामक दो महापराक्रमी असुरों ने अपने बाहुबल से देवराज इन्द्र को युद्ध में पराजित कर उनके सभी अधिकार छीन लिए। इसी प्रकार इन्द्र की तरह अन्य सभी देवताओं को निष्कासित किये जाने पर वह अपनी प्राण रक्षा के लिए इधर-उधर भटकने लगे।

इससे पूर्व भी जब महिषासुर नामक राक्षस ने इन्द्रपुरी पर अधिकार कर लिया था तो दुर्गा जी ने देवताओं के आह्वान पर महिषासुर का वध करके उन्हें यह वरदान दिया था कि भविष्य में जब कभी किसी कष्ट में देवता, देवी की सहायता चाहेंगे तो वह तुरन्त प्रकट होकर उनके दुःख दूर करेगी।

श्री दुर्गा जी के इसी आश्वासन का ध्यान कर सभी देवताओं ने मिलकर माता का आमन्त्रण किया तो उन्होंने प्रकट होकर शुम्भ और निःशुम्भ के दो शक्तिशाली दूत चण्ड को मुण्ड को युद्ध में मार डाला। जब चण्ड और मुण्ड महाअसुरों का देवी ने बहुत-सी सेना सहित संहार कर दिया तो असुरेश्वर

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रतापी शुम्भ ने अत्यन्त क्रोध से अपनी सम्पूर्ण सेना को संग्राम के कूच कराने का आदेश दिया कि आज छियासी उदायुध असुर सेनापति और चौरासी कम्बु असुर सेनापति अपनी-अपनी सेना लेकर संग्राम को जायें। कोटिवीर्य नाम वाले असुरों के पचास कुल, धूम्रवंश में उत्पन्न हुए एक सौ कुल, कालक, दौर्हद, मौर्यवंशी तथा कालकेय वंशी असुर युद्ध में लड़ने के लिए मेरी आज्ञा से शीघ्र चले जाएँ। भयंकर शासक शुम्भ ऐसी आज्ञा देकर कई हजार महासेना को अपने साथ लेकर युद्ध को चल दिया।

असुरों की भयानक सेना को आता देखकर देवी ने अपने धनुष की टंकार से पृथ्वी और आकाश को गुँजा दिया। तदनन्तर सिंह ने भी भंयकर गर्जना की और चण्डिका ने अपना घण्टा बजाकर दूना शब्द कर दिया। इस प्रकार के शब्द को सुनकर सेना ने देवी, सिंह और चण्डिका को चारों ओर से घेर लिया। इसी समय दैत्यों का संहार करने तथा देवताओं का कष्ट निवारण करने के लिये ब्रह्मा, शंकर, स्वामि कार्तिकेय, विष्णु तथा इन्द्रादिक देवताओं के शरीर से जो शक्तियाँ उत्पन्न होकर आईं उनका वर्णन इस प्रकार है---

१. ब्रह्मा की शक्ति, रुद्राक्ष की माला धारण किए हुए, कमण्डल लेकर, हंस युक्त विमान में बैठकर आई। इसलिए शक्ति का नाम ब्रह्माणी हुआ।

२. शिवजी की शक्ति, वृषभ पर सवार होकर त्रिशूल को हाथ में लिए, महानाग का कंकण और चन्द्ररेखा से सुशोभित होकर आई।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

३. स्वामि कार्तिकेय की शक्ति, उन्हीं के समान स्वरूप धारण करके, मोर पर बैठकर, शक्ति के लिए असुरों से युद्ध करने आई।

४. भगवान विष्णु की शक्ति, गरुड़ पर बैठकर, शंख, चक्र, गदा, शारंग धनुष और खड्ग हाथ में लिए वहाँ आई।

५. यज्ञवाराह की शक्ति, वाराही सुन्दर शरीर को धारण किए हुए आई।

६. नृसिंह भगवान की नारसिंही शक्ति उन्हीं के समान रूप धरकर वहाँ आई जिसके केश हिलने से ही सम्पूर्ण तारागण हिलने लगते थे।

७. इन्द्र की शक्ति, ऐन्द्री ऐरावत पर सवार होकर वज्र को लेकर युद्ध में आई। वह सहस्त्र नेत्रों वाली थी।

फिर महादेव जी ने सभी देव शक्तियों और महामाया देवी से कहा—तुम असुरों का विनाश करो और इसके साथ ही देवी के शरीर से अत्यन्त उग्र स्वरूप धारण करके चण्डिका प्रकट हुई। जिसकी गर्जना सैंकड़ों शेरों के समान थी। इस अपराजिता देवी ने शंकर जी से कहा कि आप मेरे दूत बनकर शुम्भ और निशुम्भ से जाकर कहो कि—'हे असुरों! यदि तुम जीवित रहना चाहते हो तो पाताल लोक में चले जाओ। त्रिलोकी का राज्य इन्द्र को दे दो। देवगणों को यज्ञ को भाग उपभोग करने दो और अगर अपने बल के घमण्ड से युद्ध करना चाहते हो तो मेरे आगे आ जाओ। मेरी योगनियाँ तुम्हारे

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

शरीरों का रक्तपान करके तृप्त होंगी।

भगवान शंकर से देवी की बातों को सुनकर असुर अत्यन्त क्रोधित हुए और जहाँ कात्यायनी देवी थीं, वहाँ उनके ऊपर बाण तथा अन्य शस्त्रों के प्रहार करने लगे। असुरों द्वारा चलाये गये बाण, शूल, फरसा आदि को देवी ने अपने बाणों से काट-काटकर खण्ड-खण्ड कर दिया। चण्डिका यह देखकर शत्रुओं को त्रिशूल से विदीर्ण करते हुए तथा खटवांग से कुचलने लगी। ब्रह्माणी देवी जहाँ जाती वहाँ अपने कमण्डल का जल छिड़ककर असुरों के बल, वीर्य और पराक्रम को नष्ट कर देतीं। वैष्णवी देवी ने चक्र से और कौमारी देवी ने शक्ति से शत्रुओं का विनाश आरम्भ कर दिया। ऐन्द्री के वज्र प्रहार से सैकड़ों दैत्य पृथ्वी पर खड़े-खड़े ही नष्ट हो जाते। वाराही देवी ने अनेक असुरों को अपनी विशाल दाढ़ों से फाड़ डाला। नारसिंही अपने नखों से शत्रुओं को चीर-चीरकर चबाते हुए घूम रही थी। शिवदूती* के विकट अट्टहास से व्याकुल होकर ही कितने असुर मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़ते।

इस प्रकार के महाविनाश को देख असुर सेना भागने लगी। उनको इस प्रकार भागते देखकर उनका एक विशेष सेनापति रक्तबीज बड़े क्रोध से आगे आया। इस राक्षस के

* भगवती ने शिवजी को दूत बनाकर भेजा था इस कारण देवी का नाम शिवदूती भी प्रसिद्ध हुआ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

शरीर से रक्त की एक बूंद पृथ्वी पर गिरते ही उसके समान बल वाला एक और राक्षस पैदा हो जाता था। रक्तबीज गदा लेकर ऐन्द्री देवी से लड़ने लगा। तब देवी ने वज्र से उस प्रहार किया। वज्रपात होते ही बहुत सा रक्त उसके शरीर से गिरा। उससे जितनी बूँद खून गिरा था उतनी ही संख्या में और रक्तबीज उत्पन्न हो गए। यह सब असुर एक क्षण में ही सारी रणभूमि पर फैलने लगे। अनेकों का सिर देवी अपने चक्र से एक ही बार में काट डालतीं। उनसे जो रक्त ही बूँदें गिरतीं उससे हजारों और रक्तबीज पैदा होते चले गये। इस बार वैष्णवी देवी ने बड़े क्रोध से चक्र छोड़ा तो कई हजार रक्तबीतों का सिर एक ही बार में कटकर गिरा तो उससे गिरे रक्त से अनगिनत रक्तबीज उत्पन्न हुए जिससे सम्पूर्ण विश्व ही व्याप्त हो गया। वाराही ने खड्ग से, कौमारी ने शक्ति से और माहेश्वरी ने त्रिशूल से उनको मारा। परन्तु महाअसुर रक्तबीज से उत्पन्न रक्तबीजों की संख्या घटने के बजाय बढ़ती ही रही।

देवताओं को यह देखकर भय हुआ जिससे वह दुःखी हो उठे। देवताओं को दुःखी देखकर चण्डिका को महाक्रोध आया। क्रोध के कारण देवी का मुँह काला पड़ गया तथा उनकी भौंहें टेढ़ी हो गई। उसी समय उनकी भौंहों के मध्य भाग (ललाट) से काली देवी प्रकट हुईं। तब चण्डी ने काली से कहा कि मैं इस महाबलशाली दैत्य पर प्रहार करूँ तो तुम

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इसके रक्त को जमीन पर न गिरने देना। तब काली अपने रौद्र रूप में प्रकट होकर हाथ में खप्पर लेकर रक्तबीज के समस्त रक्त को उसमें समेटती रही। जब खप्पर भर जाता तो काली उसका पान कर लेती। जब चण्डी अनेकों राक्षसों को एक ही प्रहार में मारने लगी तो काली ने भी क्रोधोन्मत्त होकर अपनी जिह्वा सारी रणभूमि में फैला दी और रक्तबीज के शरीरों से गिरने वाले रक्त को भूमि पर जाने से पहले ही पी जाती। इस प्रकार शस्त्रों के प्रहार से घायल और रक्त रहित होकर रक्तबीज पृथ्वी पर गिर पड़ा। उस रक्तबीज के भूमि पर गिरते ही देवता अत्यन्त प्रसन्न हुए और मातृ शक्तियाँ और योगनियाँ उन महाअसुरों का रक्त पी-पीकर मदोन्मत्त होकर नृत्य करने लगीं।

श्री गुरु गोविन्द सिंह कृत चण्डी चरित्र में काली की उत्पत्ति और रक्तबीज वध का वर्णन इस प्रकार है—

सवैया

क्रुब्धकै युद्ध कियो बहु चण्डी न एतो कियो मधु सो अविनाशी।
दैत्यन के वध के कारण को निज भाल ते ज्वाल कि लाट निकासी॥
कालि प्रत्यक्ष भई तिह ते रण, फैलि रही भय वीर प्रभा-सी।
मानहु शृङ्ग सुमेरू को फोरिकै धार परी धर पै यमुना सी॥
मेरू हल्यो दहल्यो सुरलोक दशोदिशि भूधर भाजत भारी।
चाल परय्यो तब चौदह लोक में ब्रह्म भ्यो मन को भ्रम भारी॥
ध्यान रह्यो न जटी सु फटी धर यौं बलकैरण में किलकारी।
दैत्यन के वध कारण को कर काल सी काली कृपान संभारी॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

दोहा—चंडी काली दुहूँ मिलि कीनो इहै विचार।
हौं हनहों तूं श्रोणी पी, अरिदल डारहिं मार॥

सवैया

काली और केहरि संग लै चंडि सु घेरे सभै वन जैसि दवा पै।
चंडि के वानन तेज प्रभाव ते दैत्य जरे जिमि ईंट अवा पै॥
कालिका श्रोण पियो तिनको कवि ने मन में लियो भाव भवा[१] पै।
मानहु सिन्धुकु नीर सभै मिलि धायकि जाय परय्यो हैं तवा[२] पै।
चंडि हने अरु कालिका कोपिकै शोणितबिन्दुन सों यह कीनो।
खग्ग संभार हकार तबै किलकार विदार सभै दल दीनो॥
आमिष शोण अचा बहु कालिका ता छवि को कवि यों मन चींनों।
मानु क्षुधातुर होय मनुष्य सु सालन[३] लासहि सो बहु पीनो[४]॥
युद्ध सु शोणित बीज कियो धरणी पर यौं सुर देखत सारे।
जेतक शोण कि बून्द गिरें उठि तेतक रूप अनेकहि धारे॥
योगिन आय फिरी चहूँ ओर ते शीश जटा कर खप्पर भारे।
शोणित बून्द परे अचवै सभ खग्ग ले चंडि प्रचंड संहारे॥
कालिरु चंड कुवंड सभाकै दैत्य सो युद्ध निशंक सजा है।
मार महारण मध्य भई पहरेक लौ सार सों सार बजा है॥
शोणितबिन्दु गिरा धरणी पर यौं असि सों अरि शीश भजा है। मानु
अतीत कियो चित्त को धनवन्त सभै निज माल तजा है॥

---

[१]भवानी। [२]वडवाग्नि के चक्र पर।
[३]सालन = सलोना लासा [४]शोरवे से मिलाकर पिया है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सोरठा

चंडि दियो विडार, शोण पान काली कियो।
क्षण महँ डारय्यो मार शोणबिन्दु दानव महा॥

काली का अर्थ तत्व

काली का शाब्दिक अर्थ है— **कालः**
अर्थात 'शिवः तस्य पत्नि काली।'
अथवा '**काली**' शिव की पत्नी का नाम है।

ये काली (भगवती) आदि अन्त रहित अजन्मा और पूरे चराचर विश्व की स्वामिनी है। ये काल को उत्पन्न करने वाली तथा स्वयं उसे भी खा जाने वाली है। साकार-उपासकों और साधकों की सुविधा के लिए तन्त्र आदि शास्त्रों में इन्हीं का निराकार काली के गुण ध्यान तथा स्वरूप आदि का वर्णन है।

पौराणिक काली (मार्कण्डेय पुराण या दुर्गा सप्तशती में वर्णित) जो अम्बिका के ललाट से उत्पन्न हुई इन आद्या काली से भिन्न हैं। वे श्री दुर्गा जी के स्वरूपों से एक स्वरूप है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री काली का स्वरूप

काली देवी का वर्णश्याम है जिसमें सभी रंग सन्निहित हैं। भक्तों के विकार-शून्य हृदय रूपी शमशान में उनका निवास है। भगवती चित्तशक्ति में समाहित प्राणशक्ति रूपी शव के आसन पर स्थित हैं। उनके ललाट पर अमृततत्व बोधक चन्द्रमा है और वे त्रिगुणातीत निर्विकार केशिनी हैं। सूर्य, चन्द्र और अग्नि ये तीनों उनके नेत्र हैं जिनसे वे तीनो कालों को देखती हैं। वे सतोगुण रूपी उज्जवल दाँतों से रजोगुण तमोगुण रूपी जीभ को दबाये हुए हैं। सारे संसार का पालन करने में सक्षम होने के कारण वे उन्नत पीनपयोधरा हैं। वे पचास मातृका अक्षरों की माला धारण करती हैं तथा मायारूपी आवरण से मुक्त हैं तथा सभी जीव मोक्ष न होने तक उनके आश्रित रहते हैं।

वे निष्काम भक्तों के मायारूपी पाश को ज्ञानरूपी तलवार से काट देती हैं। वे कालरूपी शक्ति को शक्ति देने वाली विराट् भवगती हैं।

इसके अतिरिक्त रक्तबीज मर्दिनी श्री काली का स्वरूप वर्णन इस प्रकार है—

सम्पूर्ण विकराल देह चमकते हुए काले रंग की है। उनकी बड़ी-बड़ी डरावनी आँखें और मुख से जीभ को बाहर निकाले हुए हैं, जो गहरे लाल रंग की है। वह नरमुण्डों की

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

माला तथा कटे हुए हाथों का आसन धारण किये हुए हैं। उनके एक हाथ में खड्ग, दूसरे में त्रिशूल, तीसरे में खप्पर तथा चौथे हाथ से भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

काली और उसके भेद

तन्त्र शास्त्रों में आद्या भगवती के दस मुख्य भेद कहे गये हैं—

१. काली	२. महाविद्या
३. षोड्शी	४. भुवनेश्वरी
५. भैरवी	६. छिन्नमस्ता
७. धूमावती	८. बगला
९. मातंगी	१०. कमलात्मिका।

यही/ दस महविद्याएँ भी हैं और यही तन्त्रों का गोपनीय तत्व भी है।

कालिका च महाविद्या षोडशी भुवनेश्वरी।
भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा।
बगला सिद्ध विद्या च मातंगी कमलात्मिका।
एता दश महाविद्याः सर्व तन्त्रेषु गोपिता॥

परन्तु इन दसों विद्याओं में काली मुख्य मानी जाती हैं। काली के भी असंख्य तथा अनन्त भेद हैं। इनमें जो मुख्य आठ

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भेद हैं वह निम्न प्रकार से हैं—

१. दक्षिणा काली। २. स्पर्शमणि काली। ३. संततिप्रदा काली। ४. सिद्धि काली। ५. चिंतामणि काली ६.कामकला काली। ७. हंस काली। ८. गुह्य काली।

इन आठों भेदों में प्रमुख दक्षिणा काली हैं। इसी को 'दक्षिण कालिका' या 'दक्षिणा कालिका' भी कहा जाता है। भगवती को दक्षिणा काली क्यों कहा जाता है इस बारे में निर्वाण तन्त्र कहता है—

दक्षिणस्यां दिशि स्थाने संस्थितश्च खेः सुतः।
काली नाम्ना पलायेत भीति युक्तः समन्ततः॥
अतः सा दक्षिणा काली त्रिषुलोकेशु गीयते॥

(दक्षिण दिशा में रहने वाला सूर्य का पुत्र यम काली का नाम सुनते ही डरकर भागता है अर्थात् वह काली के भक्तों को नरक में नहीं भेज सकता। इसीलिए काली को तीनों लोकों में दक्षिणा काली कहते हैं।)

काली की महिमा

१. देवी वरदान देने में बहुत चतुर हैं इसलिए उन्हें दक्षिणा कहा जाता है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

२. जिस प्रकार कार्य की समाप्ति पर दक्षिणा फल देने वाली होती है। उसी प्रकार देवी भी सभी फलों की सिद्धि को देती हैं।

३. दक्षिणामूर्ति भैरव ने उनकी सर्वप्रथम पूजा की इस कारण भी भगवती का नाम दक्षिणा काली है।

४. पुरुष को दक्षिण और शक्ति को 'वामा' कहा जाता है। वही वामा दक्षिण पर विजय पाकर महामोक्ष देने वाली बनी।

५. भगवती काली अनादिरूपा आद्या विद्या हैं। वे ब्रह्म स्वरुपिणी एवं कैवल्यदात्री हैं।

६. पाँचों तत्वों तक शक्ति तारा की स्थिति है और सबके अन्त में काली ही स्थित हैं। अर्थात् जब महाप्रलय में आकाश का भी लय हो जाता है। तब यही भगवती काली चित्तशक्ति के रूप में विद्यमान रहती हैं।

७. इन्हीं भगवती की वेद में भद्रकाली के रूप में स्तुति की गई है।

८. ये अजन्मा और निराकार स्वरूपा हैं। भावुक आराधक अपनी भावनाओं तथा देवी के गुण कर्मों के अनुरूप उनके काल्पनिक साकार रूप की स्तुति करते हैं। अपने ऐसे भक्तों को भगवती काली मुक्ति प्रदान करती हैं।

९. भगवती काली अपने उपासकों पर स्नेह रखने वाली तथा उनका कल्याण करने वाली हैं।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

१०. इस प्रकार भगवती की दक्षिणा काली के नाम से अनेकानेक उपलब्धियाँ हैं। जिस भक्त को जो भी उपलब्धि हो, या जो भी सिद्धि चाहे उसे उसी रूप में महाकाली को स्वीकार करना चाहिए।

श्री काली के सम्बन्ध में प्रयुक्त होने वाले शब्दों का यथार्थ रूप

शमशानवासिनी—भगवती को शमशानवासिनी भी कहा गया है। शमशान का जो व्यवहारिक अर्थ होता है (जहाँ शव जलाये जाते हों) वह अर्थ यहाँ नहीं होता। शमशान का भाव इस प्रकार जानना चाहिए—

पंच महाभूत चिद्ब्रह्म में लय होते हैं। आद्याकाली चिद्ब्रह्म स्वरूपा हैं। लय होने के स्थान को शमशान कहा जाता है इस प्रकार जिस स्थान पर पंच महाभूत लय हों, वही शमशान है और भगवती वहीं निवास करती हैं।

सांसारिक काम, क्रोध रागादि जिस स्थान पर भस्म होते हैं वह भी शमशान है। इनके भस्म होने का स्थान मन है। जो मन, काम, क्रोध रागादि से रहित हो, उसी शमशान के समान मन में भगवती काली निवास करती है।

अतः काली के उपासकों को चाहिए कि वह अपने हृदय

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

में काली को स्थापित करने से पूर्व उसे शमशान के समान अर्थात् समस्त रागों-से मुक्त बना लें।

शमशान में चिता—शमशान में चिता के जलाने का अर्थ है—हृदय में ज्ञानाग्नि का निरन्तर बने रहना। अतः साधक को अपने शमशानवत् हृदय में ज्ञानरूपी चिता को सदा जलाये रहना चाहिए।

भगवती का आसन—भगवती का आसन शव कहा गया है। इसका अर्थ यह है कि जब शिव से शक्ति अलग होती है तो 'शिव' शव रह जाता है। उस स्थिति में भगवती उसके ऊपर अपना आसन करती हैं अर्थात् उस पर अपनी कृपा करती हैं और उसे स्वयं में मिलाकर उसे भौतिक संसार से मुक्त कर देती हैं।

मुक्तकेशी—काली के बाल बिखरे हुए हैं—इसका आशय यह है कि भगवती केश-विन्यास आदि विलास के विकारों से मुक्त हैं।

त्रिनेत्रा—इसका अर्थ यह है कि सूर्य, चन्द्र और अग्नि ये तीनों ही भगवती के नेत्र स्वरूप हैं अथवा भगवती तीनों कालों भूत, भविष्य तथा वर्तमान को जानने वाली हैं।

बालावतंसा—काली ने अपने कानों में बालक का शव पहना है। इसका मतलब है कि वे बालस्वरूप निर्विकार साधक को अपने कानों के पास रखती हैं या बालक के समान सच्चे साधक के समीप ही उसके कान रहते हैं।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रकटितरदना—श्री काली के दाँत बाहर निकले हैं और वे उनसे बाहर निकली जीभ को दबाये हैं—इसका आशय है कि भगवती रजोगुण तथा तमोगुण रूपी जीभ को सतोगुण रूपी उज्जवलता से दबाये हुए हैं।

पीनपयोधरा—श्री काली के स्तन बड़े तथा उन्नत हैं—अर्थात् भगवती तीनों लोकों को आधार देकर उनका पालन करती हैं अथवा वे अपने साधकों को अमरत्वरूपी दुग्ध पान कराती हैं।

नित्य यौवनवती—इसका आशय यह है कि देवी में अवस्था सम्बन्धी कोई परिवर्तन नहीं होता। वे नित्य हैं, अपरिवर्तनशील हैं।

करालवदना—काली का रूप भयानक है—इसका आशय है देवी का स्वरूप देखकर सामान्यजन भयभीत होते हैं। लकिन जिनके चित्त में देवी का वास है उनके डरने का कोई कारण नहीं। श्री काली के भक्त से काल भी भयभीत रहता है।

श्री काली स्तुति

या कालिका रोगहरा सुवंद्या वैश्यैः समस्तै व्यवहारदक्षैः।
जनैर्जनानां भयहारिणी च सा देवमाता मयि सौख्यदात्री॥ १॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

या माया प्रकृतिः शक्तिश्चण्डमुण्ड विमर्दिनी।
सा पूज्या सर्वदेवैश्च ह्यस्माकं वरदाभव॥ २॥
विश्वेश्वरी त्वं परिपासि विश्वं विश्वात्मिका धारयसीति विश्वम्।
विश्वेशवन्द्याभवती भवन्ति विश्वाश्रया ये त्वयि भक्तिनम्राः॥ ३॥
देवि प्रपन्नर्तिहरे प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वरी पाहि विश्वं त्वमीश्वरी देवि चराचरस्य॥ ४॥
या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः
पापत्मनां कृतिधियां हृदयेषु बुद्धि।
श्रद्धां सतां कुलजन प्रभवश्य लज्जा
तां त्वां नताः स्मपरिपालय देवि विश्वम्॥ ५॥

काली साधना मन्त्र

क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिण कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

दक्षिण कालिका का यह बाईस अक्षर का मन्त्र सब मन्त्रों में प्रधान माना गया है। इस मन्त्र के वर्णों का अर्थ इस प्रकार है—

जलरूपी 'ककार' मोक्ष को प्रदान करने वाला है तथा अग्नि रूपी 'रेफ' सर्वतेजोमयी है। '**क्रीं क्रीं क्रीं**—ये तीनों बीज सृष्टि, स्थिति एवं लय को करने वाले हैं।' '**बिन्दु**' निष्कल ब्रह्मरूप है, अतः कैवल्य फल को देने वाला है। 'हूं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

हूं' ये दोनों बीज शब्दज्ञान को देने वाले हैं। '**ह्रीं ह्रीं**'—ये दोनों बीज सृष्टि, स्थिति एवं लय को करने वाले हैं। '**दक्षिण कालिके**'—इस सम्बोधन से देवी का सामीप्य प्राप्त होता है तथा '**स्वाहा**'—यह मन्त्र संसार का मातृ स्वरूप है तथा समस्त पापों को क्षय करने वाला है।

मन्त्र की जप संख्या

'काली तन्त्र' में इस मन्त्र के पुरश्चरण में दो लाख की संख्या में जप करने के लिए कहा गया है। उसमें बताया गया है कि साधक को पवित्र तथा हविष्याशी होकर दिन में एक लाख की संख्या में मन्त्र का जप करने चाहिए तथा रात्रि के समय मुँह में ताम्बूल रखकर तथा शय्या पर बैठकर एक लाख की संख्या में जप करना चाहिए। जप के पश्चात् दशांश घृत से होम करना चाहिए।

'स्वतन्त्र तन्त्र' में भी इस मन्त्र के दो लाख जप की व्यवस्था दी गई है तथा कहा गया है कि साधक को दिन के समय पवित्र तथा हविष्याशी होकर एक लाख की संख्या में जप करना चाहिए तथा हवि के द्वारा उसका दशांश होम करना चाहिए। एक लाख की संख्या में रात्रि के समय जप का विधान है।

'नील सारस्वत तन्त्र' में कहा गया है कि साधक को दिन

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

में शुद्ध तथा हविष्याशी होकर एक लाख की संख्या में जप करना चाहिए। रात्रि में अशुद्ध भाव से एक लाख की संख्या में जप करके उसका दशांश होम, तर्पण तथा अभिषेक करना चाहिए।

जप होमादि के कार्य ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य के लिए दिन और शूद्र के लिए रात्रि का समय ठीक कहा गया है। अन्यान्य देवताओं के मन्त्र पुरश्चरण में दिन में ही जप करना चाहिए, रात्रि में नहीं और उस देवता के पुरश्चरण के अंगस्वरूप ब्राह्मण भोजन तथा हविष्यान्न द्वारा करना चाहिए।

'विश्वसार तन्त्र' में लिखा है कि जप का दशांश होम, होम का दशांश तर्पण तथा तर्पण का दशांश अभिषेक करना चाहिए।

अभिषेक तथा तर्पण में तीर्थ का फल सन्निहित है। मधु अथवा शर्करा मिश्रित जल द्वारा कार्य करना उचित है तथा हविष्यान्न द्वारा अभिषेक का दशांश ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए। तत्पश्चात् काली मन्त्र विशारद साधक को चाहिए कि वह गुरु को दक्षिणा देकर कार्य को सर्वाङ्ग सम्पूर्ण करे।

पश्वाचार विहित पुरश्चरण के विषय में उक्त बातें कही गई हैं। वीराचार-विहित प्रणाली संक्षेप में इस प्रकार है—

'विश्वसार तन्त्र' में कहा गया है कि वीराचार के साधक को दिन तथा रात्रि में एक लाख मन्त्र का जाप करना चाहिए।

'कुमारी कल्प' में कहा गया है कि हविष्याशी पवित्र साधक को दिन में एक लाख की संख्या में मन्त्र का जप करना

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

चाहिए तथा रात्रि के समय मुंह में पान रखकर तथा शय्या पर बैठकर एक लाख की संख्या में पुनः जप करना चाहिए। इस प्रकार दो लाख की संख्या में जप पूरा हो जाने पर सावधान चित्त से होम करना चाहिए।

वीराचार-विहित प्रणाली का यथार्थ ज्ञान गुरु के द्वारा ही प्राप्त करना चाहिए। केवल पुस्तकों के द्वारा उसका ज्ञान होना कठिन तथा हानिकारक होता है।

सामान्य पूजा विधि

सर्वप्रथम सामान्य रूप से प्रातः कृत्यादि करके मन्त्र द्वारा आचमन करे। '**क्रीं**'—इस मन्त्र से तीन बार आचमनीय जल का पान करके—

ॐ काल्यै नमः।

ॐ कपाल्यै नमः।

इस मन्त्र से दोनों ओष्ठों का दो बार मार्जन करे। तदुपरान्त—

ॐ कुल्वायै नमः— इस मन्त्र से हस्त प्रलाक्षन करके **ॐ कुरु कुरु कुल्वायै नमः**—इस मन्त्र से मुख तथा **ॐ विरोधिन्यै नमः**—इस मन्त्र से दक्षिण कालिका, **ॐ विप्रचित्तायै नमः**—इस मन्त्र से वाम नासिका, **ॐ उग्रायै नमः**—इस मन्त्र से दक्षिण नेत्र, **ॐ उग्रप्रभायै नभः**—इस मन्त्र से वाम नेत्र, **ॐ दीप्तायै नमः**—इस मन्त्र से दक्षिण कर्ण, **ॐ नीलायै नमः**—

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इस मन्त्र से वाम कर्ण, **ॐ धनायै नमः**—इस मन्त्र से नाभि, **ॐ वलाकायै नमः**—इस मन्त्र से छाती, **ॐ मात्रायै नमः**—इस मन्त्र से मस्तक, **ॐ मुद्रायै नमः**—इस मन्त्र से दाएँ कन्धे तथा **ॐ नित्यायै नमः**—इस मन्त्र से बायें कन्धे का स्पर्श करे।

इस प्रकार आचमन करके सामान्य पूजा पद्धति के नियमानुसार भूत-शुद्धि तक सब कार्य करके माँ बीज **'ह्रीं'**—इस मन्त्र से यथाविधि प्राणायाम करे। तत्पश्चात ऋष्यादिन्यास करना चाहिए।

ऋष्यादिन्यास—ऋष्यादि न्यास की विधि इस प्रकार है—

ॐ अस्य मन्त्रस्य भैरव ऋषिरुष्णिक्छन्दो दक्षिण कालिका देवता ह्रीं बीजं हूं शक्तिः क्रीं कीलकं पुरुषार्थ सिद्धयर्थे विनियोगः।

'काली क्रम' में लिखा है—आदि बीज का कीलक चतुर्वर्ग के फल को देने वाला है। कीलक की विधि इस प्रकार है—

शिरसि भैरव ऋषये नमः
मुखे उष्णिक्छन्दसे नमः
हृदि दक्षिण कालिकायै देवतायै नमः
गुह्ये ह्रीं बीजाय नमः
पादयोः हूं शक्तये नमः
सर्वाङ्गे क्रीं कीलकायै नमः

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इसके उपरान्त करन्यास करना चाहिए। **'कालीतन्त्र'** में करन्यास के सम्बन्ध में यह लिखा गया है—

अङ्गन्यास करन्यासौ यथावदभिधीयते।
भैरवोऽस्य ऋषिः प्रोक्त उष्णिक्छन्द उपाहृतम्॥
देवता कालिका प्रोक्ता लज्जाबीजं तु बीजकम्।
कीलकं चाद्य बीजंस्याच्चुतुर्वर्ग फलप्रदम्॥
शक्तिश्च कूर्चवीस्यादनिरुद्धा । सरस्वती।
कवित्वार्थो विनियोग स्यादि त्यादि केन मायया॥
षड्दीर्घ मात्रा बीजेन प्रणवाद्येन कल्प।

कराङ्गन्यास की विधि—'वीरतन्त्र' में करङ्गन्यास की विधि इस प्रकार बताई गई है—

ॐ ह्राँ अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा।
ॐ ह्रूं मध्यमाभ्यां वषट्।
ॐ ह्रैं अनामिकाभ्यां हुं।
ॐ ह्रैं कनिष्ठाभ्यां वोषट्।
ॐ ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

इस प्रकार करन्यास करके **ॐ हृदयाय नमः**—इत्यादि क्रम से अङ्गन्यास करना चाहिए।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अथवा—

ॐ क्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
ॐ क्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा।
ॐ क्रूं मध्यमाभ्यां वषट्।
ॐ क्रैं अनामिकाभ्यां हुं।
ॐ क्रौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्।
ॐ क्रः करतलकर पृष्ठाभ्यां फट्।

इस क्रम से '**क्र**' वर्ण में दीर्घस्वर मिलाकर कराङ्गन्यास करना चाहिए।

वर्णन्यास—कराङ्गन्यास के पश्चात् वर्णन्यास करना चाहिए। वर्णन्यास की विधि इस प्रकार कही गई है—

अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं ॡं नमः इतिहृदये।
एं ऐं ओं औं अं अः कं खं गं धं नमः इति दक्षिण बाहौ।
ङं चं छं जं झं ञं टं ठं डं ढं नमः इति वाम बाहौ।
णं तं थं दं धं नं पं फं बं भं नमः इति दक्षिण पादे।
मं यं रं लं वं शं षं स ह क्षं नमः इति वाम पादे।

'**विरुपाक्ष**' के मत से सबिन्दु रीति (अर्थात् अं आं आदि) से वर्णन्यास करना चाहिए तथा 'काली तन्त्र' के अनुसार निर्बिन्दु रीति (अर्थात् अ आ आदि) से वर्णन्यास करना चाहिए परन्तु चाहे सबिन्दु-न्यास किया जाय अथवा निर्बिन्दु किया जाय-दोनों ही युक्तिसंगत हैं। अस्तु जैसी इच्छा हो, उसी के अनुसार वर्णन्यास करना चाहिए।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

षोढान्यास—वर्णन्यास के उपरांत षोढान्यास करना चाहिए। '**वीरतन्त्र**' में लिखा है—

पहले केवल मातृकान्यास करे, फिर दुबारा समस्त मातृका वर्गों को '**ॐ**' इस मन्त्र से पुटित करके मातृकान्यास के स्थान में न्यास करे तथा मातृकावर्ण द्वारा '**ॐ**'—इस मन्त्र को पुटित करके न्यास करे। यथा—

ललाट में—ॐ अं ॐ नमः।
मुख में—ॐ आं ॐ नमः। इत्यादि।
ललाट में—अं ॐ अं नमः।
मुख में—आं ॐ आं नमः। इत्यादि।

तत्पश्चात् **श्रीं** बीज **श्रीं** वर्ण द्वारा समस्त मातृकावर्णों को पुटित करके उसी तरह मातृकान्यासोक्त स्थान में न्यास करे तथा समस्त मातृकावर्णों द्वारा इस 'श्रीं बीज' को पुटित करके पूर्ववत् न्यास करे। यथा—

ललाट में—श्रीं अं श्रीं नमः।
मुख में—श्रीं आं श्रीं नमः॥ इत्यादि।
ललाट में—अं श्रीं अं नमः।
मुख में—आं श्रीं आं नमः। इत्यादि।

तदुपरान्त काम बीज **क्लीं** के द्वारा समस्त मातृकावर्णों को पुटित करके मातृकान्यास के स्थान में तथा मातूकावर्ण द्वारा काम बीज **क्लीं** को पुटित करके पूर्ववत् न्यास करना चाहिए।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

यथा—

ललाट में—क्लीं अं क्लीं नमः।
मुख में—क्लीं आं क्लीं नमः। इत्यादि।
ललाट में—अं क्लीं अं नमः।
मुख में—आं क्लीं आं नमः। इत्यादि।

इसी प्रकार शक्ति बीज '**ह्रीं**' द्वारा समस्त मातृका वर्णों को पुटित करके मातृका वर्ण द्वारा '**ह्रीं**'—इस बीज को पुटित करके सब स्थानों में न्यास करना चाहिए। यथा—

ललाट में—ह्रीं अं ह्रीं नमः।
मुख में—ह्रीं आं ह्रीं नमः। इत्यादि।
ललाट में—अं ह्रीं अं नमः।
मुख में—'आं ह्रीं आं नमः।' इत्यादि।

इसके पश्चात् ललाट में '**क्रीं क्रीं ऋं ॠं लृं ॡं क्रीं क्रीं नमः**' इत्यादि तथा ललाट में '**ऋं ऋं लृं ॡं क्रीं क्रीं ऋं ॠं लृं ॡं नमः**' इत्यादि क्रम से मातृका स्थान में न्यास करना चाहिए।

इसके उपरान्त मूलमन्त्र द्वारा मातृकावर्ण को पुटित करके तथा मातृकावर्ण द्वारा मूलमन्त्र को पुटित करके पूर्वोक्त स्थान में न्यास करना चाहिए। यथा—

ललाट में—क्रीं अं क्रीं नमः।
मुख में—क्रीं आं क्रीं नमः। इत्यादि।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इसी प्रकार अनुलोम तथा विलोमन्यास करके मूलमन्त्र द्वारा १०८ बार '**व्यापक न्यास**' करना चाहिए। इस तरह से 'षोढान्यास' करने पर समस्त पाप क्षय हो जाते हैं।

तत्त्वन्यास—षोढान्यास के पश्चात् 'तत्त्वन्यास' करना चाहिए। उसकी विधि इस प्रकार है—

पूर्वोक्त बाईस अक्षर वाले मन्त्र को तीन भागों में बाँट दे। पहले खण्ड में सात अक्षर, दूसरे खण्ड में छः अक्षर तथा तीसरे खण्ड में नौ अक्षर होने चाहिए।

पहले खण्ड के अन्त में **ॐ आत्मतत्त्वाय स्वाहा।**

दूसरे खण्ड में अन्त में **ॐ विद्यातत्त्वाय स्वाहा।**

तीसरे खण्ड के अन्त में **ॐ शिवतत्त्वाय स्वाहा।**

कहकर न्यास करना चाहिए। यथा—

'क्रीं क्रीं क्रीं हुं हुं ह्रीं ह्रीं ॐ आत्मतत्त्वाय स्वाहा।'

इस मन्त्र द्वारा चरणों में नाभि पर्यन्त—

दक्षिणे कालिके ॐ विद्यातत्त्वाय स्वाहा।

इस मन्त्र द्वारा नाभि से हृदय पर्यन्त तथा—

'क्रीं क्रीं क्रीं हुं हुं ह्रीं ह्रीं स्वाहा ॐ शिवतत्त्वाय स्वाहा'—

इस मन्त्र द्वारा हृदय से मस्तक पर्यन्त न्यास करना चाहिए।

बीजन्यास—तत्त्वन्यास के पश्चात् बीजन्यास करना चाहिए। यथा—

ब्रह्मरन्ध्र में—क्रीं नमः।

भ्रू मध्य में—ह्रीं नमः।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ललाट में—क्रीं नमः।

नाभि में—हुं नमः।

गुह्य में—हुं नमः।

मुख में—ह्रीं नमः।

सर्वाङ्ग में—ह्रीं नम।

पूर्वोक्त षोढान्यास, तत्त्वन्यास तथा बीजन्यास—ये तीनों न्यास **'काम्य'** हैं अर्थात् नित्य पूजा में इन तीनों न्यासों को बिना किए भी पूजा अंगहीन नहीं होती।

पूजन-यन्त्र की निर्माण विधि



श्री काली पूजन यन्त्र

'पूजा-यन्त्र' की निर्माण विधि इस प्रकार कही गई—

पहले बिन्दु ॐ, फिर निज बिन्दु क्रीं, फिर भुवनेश्वरी बीज ह्रीं, लिखकर उसके बाहर एक त्रिकोण अंकित करना चाहिए। फिर उस त्रिकोण के बाहर क्रमशः चार अन्य त्रिकोण अंकित करके एक वृत्त, फिर अष्टदल पद्म तथा पुनर्वार वृत्त अंकित करना चाहिए उसके बाहर चतुस्त्रद्वार अंकित करके यन्त्र को पूर्ण रूप देना चाहिए।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उक्त विधि से जो यन्त्र निर्मित होता है, उसके स्वरूप को बड़े आकार में इसी पुस्तक में काली-पूजन-यन्त्र पृष्ठ ५ पर देखें (इसे काटकर प्रयोग में भी ला सकते हैं।)

दक्षिण कालिका के मन्त्र

'क्रीं'—यह एकाक्षर मन्त्र समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला है।

'ह्रीं'—यह दूसरा एकाक्षर मन्त्र है। इस मन्त्र द्वारा देवी की आराधना करने पर सम्पूर्ण शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त होता है।

पूजा की विधि—उक्त मन्त्रों की पूजा-प्रणाली इस प्रकार बताई गई है—

सर्वप्रथम सामान्य-विधि के अनुसार प्रातः कृत्यादि से प्राणायाम तक सब कार्य करके पूर्वोक्त ऋष्यादिन्यास, वर्णन्यास तथा कराङ्गन्यास करे। इन दोनों के कराङ्गन्यास की विधि यह है—

ॐ क्रां अगुष्ठाभ्यां नमः।
ॐ क्रां हृदयाय नमः। इत्यादि।
ॐ ह्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
अं ह्रीं हृदयाय नमः। इत्यादि।

इस पूजा के अन्यान्य सभी कार्य पूर्वोक्त रीति के अनुसार करना चाहिए।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ध्यान का स्वरूप—एकाक्षर मन्त्र के विषय में 'सिद्धेश्वर तन्त्र' में ध्यान का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—

शवारूढ़ा महाभीमां घोरदंष्ट्रां वरप्रदाम्।
हास्य युक्तां त्रिनेत्रां च कपाल कर्त्तुका कराम्॥
मुक्तकेशीं ललज्जिह्वां पिंबतीं रुधिरं मुहुः।
चतुर्बाहुयुतां देवीं भयाभयकरां स्मरेत्॥

पुरश्चरण की विधि—उक्त एकाक्षर मन्त्रों का जप एक लाख की संख्या में करने के लिए कहा गया है। उक्त मन्त्रों के पुरश्चरण के सम्बन्ध में सिद्धेश्वर तन्त्र में लिखा है कि देवी का यथाविधि ध्यान करके एक लाख की संख्या में मंत्र का जप करे तथा विधानानुसार जप का दशाँश होम करे।

'कुल चूड़ामणि' ग्रन्थ में लिखा है कि हविष्याशी साधक को दिन के समय पवित्र होकर एक लाख की संख्या में मन्त्र का जप करना चाहिए तथा रात्रि में भी इसी प्रकार एक लाख की संख्या में जप करना चाहिए। रात्रि-काल में जप करने से दक्षिण कालिका देवी मंत्र की सिद्धि प्रदान करती हैं।

भद्रकाली-मन्त्र

अब भद्रकाली के मन्त्र का वर्णन किया जाता है। वह इस प्रकार है—

क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं भद्रकाल्यै क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

यह बीस वर्ण वाला भ्रदकाली का मन्त्र साधक को चतुर्वर्ग फल प्रदान करता है।

श्मशान काली-मन्त्र

इस श्मशान काली के मन्त्र का वर्णन किया जाता है। वह इस प्रकार है—

क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं श्मशान काली क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

इस इक्कीस अक्षर के मन्त्र से श्मशान काली की पूजा करनी चाहिए। यह भी चतुर्वर्गदायक है।

महाकाली-मन्त्र

अब महाकाली के मन्त्र का वर्णन किया जाता है। वह इस प्रकार है—

क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं महाकाली क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

इस बीस अक्षर के मन्त्र द्वारा महाकाली का पूजन करना चाहिए। यह भी चतुर्वर्गफलदायक है।

काली गायत्री मन्त्र

ॐ कालिकायै विद्महे श्मशानवासिन्यै धीमहि तन्नो घोरे प्रचोदयात्।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

पूजन विधि—इन देवियों में पूजन में यह विशेषता है कि यन्त्र के भूपुर में इन्द्रादि दिक्पाल तथा वज्रादि अस्त्र, भूपुर के चतुर्द्वार में विष्णु, शिव, सूर्य और गणेश; भूगृह में लोकपाल, बाह्य में देवी के अस्त्र तथा भूपुर के चारों ओर पूर्वादि क्रम से विष्णु, शिव, सूर्य और गणेश का पूजन करना चाहिए।

इसी प्रकार यन्त्र में ही गुह्यकाली, भद्रकाली, श्मशान काली—इन चारों देवियों का पूजन करना चाहिए। इनका यन्त्र सम्बन्धी कोई भेद नहीं है। सबके यन्त्र एक समान हैं। इनके यन्त्र का स्वरूप नीचे बताया गया है।

यन्त्र का स्वरूप—उक्त चारों देवियों में यन्त्र को अंकित करने की विधि यह है कि पहले त्रिकोण, फिर षट्कोण तथा नवकोण अंकित करके उसके बाहर तीन वृत्त तथा केशर सहित अष्टदल पद्म अंकित करे। फिर तीन भूपुर वाला एक चतुरस्त्रद्वार संयुक्त योनि मण्डल का स्वरूप अंकित करना चाहिए। यह '**त्रिपञ्चार यन्त्र**' सब यन्त्रों से प्रसिद्ध है।

गुह्य काली के मन्त्र

अब '**गुह्यकाली**' के मन्त्र तथा पूजा-प्रणाली का वर्णन किया जाता है। यह महाविद्या त्रिभुवन में अत्यन्त दुर्लभ तथा धर्मार्थ काम मोक्ष को देने वाली, महापापों को नष्ट करने वाली,

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समस्त सिद्धियों की प्रदाता, सनातनी तथा भोग को देने वाली प्रसिद्ध है।

क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं गुह्ये कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

नाम-भेद से यह मन्त्र गुह्यकाली तथा दक्षिणा काली दोनों की ही आराधना में प्रयुक्त होता है। यह मन्त्र समस्त सिद्धियों को देने वाला है।

गुह्यकाली के अन्य मन्त्र इस प्रकार हैं—

क्रीं हूं ह्रीं गुह्य कालिके क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

इस षोडशाक्षर मन्त्र द्वारा आराधना करने पर साधक को चतुर्वर्ग की प्राप्ति होती है।

क्रीं हूं ह्रीं गुह्ये कालिके हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

यह चतुर्दशाक्षर मन्त्र सब तन्त्रों में गुप्त है। इस मन्त्र में '**गुह्ये**' के स्थान पर '**दक्षिणे**' पद जोड़ने से पंचदशाक्षरी दक्षिण कालिका का मन्त्र होता है। यथा—

क्रीं हूं ह्रीं दक्षिणे कालिके हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

गुह्यकाली का चतुर्दशाक्षर मन्त्र इस प्रकार है—

हूं ह्रीं गुह्ये कालिके क्रीं क्रीं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा।

गुह्य काली का नवाक्षर मन्त्र इस प्रकार है—

क्रीं गुह्ये कालिके क्रीं स्वाहा।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

इसी मन्त्र में '**गुह्ये**' के स्थान पर दक्षिणे शब्द जोड़ने पर दक्षिणा कालिका का दशाक्षर मन्त्र बनता है। यथा—

क्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं स्वाहा।

इन सब मन्त्रों की साधना में दक्षिण कालिका की पूजा-पद्धति में लिखे नियमानुसार न्यासादि करके पूजा तथा बलि करनी चाहिए। इसके बलिदान में यह विशेषता है कि पूर्व नियमानुसार बलि उत्सर्ग करके निम्नलिखित मन्त्र द्वारा बलि को निवेदित करना चाहिए—

ऐं ह्रीं ऐह्येहि जगन्मातर्जगतां जननि गृहण बलिं सिद्धिं देहि देहि शत्रु क्षयं कुरु कुरु हूं हूं ह्रीं ह्रीं फट् ॐ कालिकायै नमः फट् स्वाहा।

यदि गुह्यकाली के लिए बलि निवेदित करनी हो तो इस मन्त्र का उच्चारण करना चाहिए—

ऐह्येहि गुह्य कालिके मम बलिं गृह्ण गृह्ण मम शत्रुन नाशय नाशय खादय स्फुर स्फुर छिन्धि छिन्धि सिद्धिं देहि हूं फट् स्वाहा।

आसन का मन्त्र भी अन्य प्रकार से है। यथा—

ॐ सदाशिव महाप्रेताय गुह्य कल्पासनाय नमः।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ध्यान का स्वरूप

महामेघ प्रभां देवीं कृष्ण वस्मोमिधारिणीम्।
ललजिज्ह्वां घोरदष्ट्रां कोटराक्षीं हसन्मुखीम॥
नागहार लतोपेतां चन्द्रार्द्धकृत शेखराम्।
द्यां लिखन्तीं ज़टामेकां लेलिहानासवं प्रिवम्॥
नाग यज्ञोपवीताङ्गी नाग शय्या निषेदुषीम्।
पञ्चाशन्मुण्डसंयुक्त वनमाला महोदरीम्॥
सहस्त्रफण संयुक्तंमनन्तं शिरसोपरि।
चतुर्दिक्षु नागफणा वेष्टितं गुह्यकालिकाम्॥
तक्षक सर्पराजेन वामकगण भूषिताम्।
अनन्त नागराजेन कृतदक्षिण कंकणम्॥
नागेन रसनाहार कल्पितां रत्न नूपुराम्।
वामेन शिव स्वरूपं तत् कल्पं वत्सरूपकम्॥
द्विभुजां चिन्तयेद्देवीं नागयज्ञोपवीतिनीम्।
नरदेह समाबद्ध कुण्डल श्रुति मण्डिताम्॥
प्रसन्न वदनां सौम्यां नवरत्न विभूषिताम्।
नारदाद्यैर्मुनिगणैः सेवितां शिवमोहिनीम्॥
अट्टहासां महाभीमां साधकाभीष्ट दायिनीम्।
द्यां लिखंतीं जटामेक इतिध्यायत्ती मिति शेषः॥

भावार्थ—देवी का वर्ण सघन मेघ के समान काला है। उनके वस्त्र भी कृष्ण वर्ण के हैं। उनकी जीभ लाल है तथा दाँत अत्यन्त भयंकर हैं। उनके दोनों नेत्र कोटर में घुसे हुए हैं। मुख

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

